


## आज बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर में उमड़ेगी भीड़



साल के पहले दिन की शुरुआत लोग ईश्वर के श्रीचरणों में शीश नवाकर करते हैं। ऐसा मानना है कि नए साल के पहले दिन जो दर्शनार्थी भगवान के दर पर हाजिरी लगाता है तो उनका पूरा वर्ष सफल कार्य होने के साथ ही उनकी मनचाही इच्छा भी पूरी होती है। ऐसे में नववर्ष पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। बक्सर जिले के ब्रह्मपुर में बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ का ऐतिहासिक मंदिर है। यहां साल के पहले दिन बाबा के भक्तों का मेला लगता है। ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर पंडा समाज के अध्यक्ष संजय पांडे ने बताया कि नए साल पर 15-20 हजार श्रद्धालु बाबा के दरबार में मत्था टेकने और आशीर्वाद लेने पहुंचेंगे। इस दिन अहले सुबह 3.30 बजे से मंदिर का पट खुल जाएगा। सुबह चार बजे आरती होगी। इसके साथ ही बाबा के भक्तों का प्रवेश शुरू हो जाएगा। सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का मंदिर में आना-जाना लगा रहेगा। इस दौरान मंदिर परिसर ओम नमः शिवाय के मंत्रों से गुंजायमान रहेगा।

### नए साल पर आनेवाले हैं कई बदलाव, कुछ आपके लिए फायदेमंद होंगे तो कुछ आपकी जेब ढीली करेंगे

# बढ़ेंगे कार के दाम, सस्ता होगा टीवी देखना

**केटी न्यूज/पटना**

नए साल पर बहुत कुछ बदलाव आनेवाला है। यह बदलाव कुछ फायदेमंद होंगे, तो कुछ जेब पर भारी भी पड़नेवाले होंगे। आइए जानते हैं कि 2023 की शुरुआत से होने वाले प्रमुख बदलावों के बारे में जो आपकी जेब पर कम या ज्यादा असर डालेगी।

**1. वाहन खरीदना महंगा:** यदि आप नई कार खरीदने की प्लानिंग कर रहे थे तो नया साल आपके लिए महंगाई भरा होगा। देश की लगभग सभी प्रमुख कार बाइक कंपनियां अपने प्रोडक्ट की कीमतों में 90000 रुपये तक की बढ़ोत्तरी करने जा रही हैं। मारुति, किआ, टाटा मोटर्स, मर्सिडीज, हुंडई, ऑडी, रेनॉ और एमजी मोटर्स पहले ही कीमतों में बढ़ोत्तरी करने की घोषणा कर चुकी हैं। वहीं हीरो मोटोकॉर्प ने भी दाम बढ़ाने की घोषणा की है।

**2. बदलेंगे क्रेडिट कार्ड के नियम**

यदि आप भी क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं तो कई बैंकों में रिवार्ड प्वाइंट्स संबंधी नियम भी 1 जनवरी 2023 से बदलने वाले हैं। मसलन, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड्स पॉइंट और फी स्ट्रक्चर में बदलाव करेगा। अब आपको इस पर 1 फीसदी का शुल्क भी देना होगा। साथ ही SBI ने अपने SimplyCLICK कार्डहोल्डर्स के लिए भी कुछ नियम बदले हैं।




**3. लॉकर संबंधी नियमों में बदलाव**

दूसरा बदलाव बैंक लॉकर से संबंधित है। आपको 1 तारीख से बैंक लॉकर का इस्तेमाल करने के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि आपने नए लॉकर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पंजाब नेशनल बैंक सहित कई बैंक रिजर्व बैंक के नए नियमों का हवाला देते हुए ग्राहकों को एसएमएस भी भेज रहे हैं।

**4. चैनलों के बुके पर अधिकतम डिस्काउंट 45 प्रतिशत:** नए साल पर आपका केबल टीवी का खर्च कुछ कम हो सकता है। ट्राई के नए नियमों के तहत कंपनियों को अब 19 रुपये से कम कीमत के चैनलों को बुके में शामिल करना होगा। वहीं चैनलों के बुके पर अधिकतम डिस्काउंट की लिमिट भी 45 प्रतिशत तय कर दी गई है।

**5. महंगा होगा मोटर इंश्योरेंस:** जनवरी 2023 से मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम भी महंगा हो सकता है। बीमा नियामक IRDAI नए नियमों पर विचार कर रहा है, जिसके तहत बीमा कंपनियां वाहनों के इस्तेमाल और उनके रख-रखाव के आधार पर बीमा प्रीमियम तय कर सकती हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नए साल से लोगों को महंगे इंश्योरेंस प्रीमियम का झटका लग सकता है।

**6. कारोबारियों के लिए इलेक्ट्रानिक बिल अनिवार्य:** एक जनवरी 2023 से 5 करोड़ रुपये से ज्यादा के बिजनेस करने वालों के लिए ई इनवायसिंग यानी इलेक्ट्रानिक बिल निकालना अनिवार्य होगा। पहले यह सीमा 20 करोड़ रुपये थी। 1 जनवरी से व्यापारियों को पोर्टल के माध्यम से ही बिल जारी करने होंगे। इससे अब छोटे कारोबारी भी ई बिल के दायरे में आ जाएंगे। इससे जहां सिस्टम में पारदर्शिता आएगी और फर्जी बिल बनाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने पर रोक लग सकेगी।

**7. हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर ज्यादा जुर्माना:** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को पहले ही अनिवार्य कर दिया गया था। हालांकि बीच बीच में उसकी समय सीमा आगे बढ़ती रहती है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की अगर समय सीमा नहीं बढ़ाई गई तो आपको 5 हजार तक का भारी जुमार्ना भरना पड़ सकता है।

**8. गैस की कीमतों में बदलाव**

ज्यादातर महीने की पहली तारीख या पहले सप्ताह में सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में बदलाव होता है। कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतें नवंबर 2022 की शुरुआत में घटी थीं। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

**9. फोन निमार्ताओं के लिए IMEI रजिस्ट्रेशन अनिवार्य:** 1 तारीख से हर फोन निमार्ता और उसका आयात व निर्यात करने वाली कंपनी के लिए हर फोन के IMEI नंबर का रजिस्ट्रेशन जरूरी होगा। देश दुनिया में बढ़ रहे डिजिटल फजीर्वाड़े पर लगाम लगाने के लिए सरकार यह व्यवस्था 1 जनवरी 2023 से लागू करने जा रही है।

**10. NPS से नहीं होगी आंशिक निकासी:** ये खबर उनके लिए है जो एनपीएस खाते से कुछ रकम निकालने की सोच रहे रहे हैं। नए साल से आप एनपीएस खातों से ऑनलाइन आंशिक निकासी नहीं कर पाएंगे। एनपीएस खातों से आंशिक निकासी से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव होने जा रहा है। 1 जनवरी 2023 या उससे बाद केंद्र सरकार, राज्य सरकार या सरकारी संस्थानों के कर्मचारी सेल्फ डिक्लेरेशन के आधार पर अपने एनपीएस खातों से ऑनलाइन आंशिक निकासी नहीं कर पाएंगे।

## सीएम ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश एवं देशवासियों को नये वर्ष 2023 की बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि नववर्ष 2023 समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों के लिए सुख, शान्ति, सदभाव, समृद्धि एवं अनंत सफलताओं का वर्ष होगा।

## नीतीश बोले... मैं पीएम पद की रेस में नहीं

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष के प्रधानमंत्री उम्मीदवार को लेकर बड़ा बयान दिया है। नीतीश कुमार ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री पद की रेस में नहीं हूं। यह बात नीतीश ने मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के राहुल गांधी के पीएम कैंडिडेट बनाने के बयान पर कही। नीतीश ने कहा कि सभी दल साथ आएं। मिलजुल कर सब तय कर लिया जाएगा। देश के विकास के लिए काम करें। जब मिल जाएंगे तो सब तय होगा।

## साल के अंतिम दिन बिहार के 43 आइपीएस का तबादला

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में बड़े पैमाने पर आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक मानव जीत सिंह ढिल्लों पटना एसएसपी के पद पर बने रहेंगे। गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। अरवल एसपी हिमांशु शंकर त्रिवेदी वेटिंग फॉर पोस्टिंग रखे गए हैं। प्रमोद कुमार मंडल रेल एसपी को बीएमपी 5 का समादेष्टा बनाया गया है। आशीष भारती को गया का एसएसपी बनाया गया है। कैमूर एसपी राकेश कुमार को मुजफ्फरपुर का एसएसपी, सपना जी मेश्राम को औरंगाबाद का एसपी बनाया गया है। गोपालगंज एसपी आनंद कुमार को भागलपुर का एसएसपी, मोतिहारी के एसपी कुमार आशीष को मुजफ्फरपुर रेल एसपी, भोजपुर के एसपी संजय सिंह को आतंकवाद निरोधक दस्ता का पुलिस अधीक्षक, बक्सर के एसपी नीरज कुमार सिंह को सहायक पुलिस महानिरीक्षक निरीक्षण पटना, नवादा एसपी गौरव मंगला को सारण का एसपी। सारण एसपी संतोष कुमार को एसटीएफ का एसपी, औरंगाबाद के एसपी कांतेश मिश्रा को पूर्वी चंपारण का एसपी, मद्य निषेध एसपी विनय तिवारी को समस्तीपुर एसपी, समस्तीपुर एसपी हृदयकांत को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 2 डिहरी का समादेष्टा बनाया गया है।

वहीं, भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात को गोपालगंज का एसपी, विनीत कुमार को रोहतास एसपी, सिटी एसपी पटना अंबरीष राहुल को नवादा का एसपी, नगर पुलिस अधीक्षक पटना प्रमोद कुमार यादव को भोजपुर एसपी, ए एसपी निगरानी मोहम्मद कासिम को अरवल का एसपी, अपर पुलिस अधीक्षक गया मनीष कुमार को पुलिस अधीक्षक बक्सर, अपर पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध इकाई अमृत शेखर ठाकुर को रेल एसपी पटना, अपर पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा को पुलिस अधीक्षक कैमूर के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## नए साल पर हुड़दंग की तो खैर नहीं

**पटना।** पटना के डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना मानवजीत सिंह ढिल्लो ने कहा है कि नव वर्ष के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जाएगी। प्रमुख 33 स्थानों पर 42 से अधिक दंडाधिकरियों तथा पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। स्पेशल मोबाईल टीम द्वारा सघन पेट्रोलिंग की जाएगी। मुख्य स्थलों पर क्यूआरटी तैनात किया गया है। बाइकर्स गैंग पर नियंत्रण हेतु थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतत भ्रमणशील रहेंगे। उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन, सुदृढ़ विधि व्यवस्था संधारण तथा सुगम यातायात प्रबंधन हेतु सभी व्यवस्था की गई है। भीड़ भाड़ वाले प्रमुख स्थानों यथा संजय गाँधी जैविक उद्यान, इको पार्क, गाँधी मैदान, कुम्हरार, पटना जंक्शन हनुमान मंदिर, नेहरू पथ स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, पटन देवी मंदिर सहित सभी प्रमुख स्थलों पर प्रशासन मुस्तैद रहेगा।






# शिक्षक ठीक से पढ़ाएं, बढ़ाएंगे तनख्वाह: नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

साल के अंतिम दिन उच्च माध्यमिक विद्यालय के 369 प्रधानाध्यापक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के 37 व्याख्याता, पटना विश्वविद्यालय एवं मौलाना मजहरुल हक विश्वविद्यालय के 17 सहायक प्राध्यापक एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के 139 सहायक प्राध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। शनिवार को पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सभी को नियुक्ति पत्र सौंपा।




- शिक्षा विभाग तथा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सभी को सौंपा नियुक्ति पत्र

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर शिक्षकों एवं दूसरे पदों पर और बहाली होनी है। मुझे पूरा भरोसा है कि आप सभी लोग अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे ढंग से निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कई काम किए गए हैं। बिहार में 21,291 नये प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण कराया गया है, इसके साथ ही 19,725 प्राथमिक विद्यालयों को मध्य विद्यालयों में उत्क्रमित किया गया है। 2 लाख 79 हजार 801 वर्ग कक्षाओं का निर्माण कराया गया है। पुराने सरकारी स्कूल के भवनों को ठीक किया गया है। वर्ष 2022-23 में 51 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा शिक्षा के क्षेत्र में खर्च किया जा रहा है। शिक्षक ठीक से पढ़ायेंगे तो हमलोग उनका तनख्वाह भी बढ़ाते जायेंगे। उन्होंने कहा कि आज कल कुछ लोग जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कानून बनाने की बात करते हैं, यह ठीक नहीं है। पहले बिहार में काफी कम इंजीनियरिंग कॉलेज थे। पहले बिहार के लड़कों को इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिये बिहार से बाहर जाना पड़ता था। हमने बिहार में काफी संख्या में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का फैसला किया ताकि बिहार के लड़कों को इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए मजबूरी में बाहर नहीं जाना पड़े।

## लोगों की समस्याएं जानने का होगा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम राज्य के विभिन्न जगहों पर 5 जनवरी से यात्रा पर जा रहे हैं। लोगों के बीच जाकर हम देखेंगे कि बिहार में जो काम हुआ है वो कितना इफेक्टिव है। लोगों की क्या समस्याएं हैं, उन्हें हम जानने का प्रयास करेंगे और उन समस्याओं को दूर करने की दिशा में अधिकारियों को निर्देश देंगे। हम एक-एक चीज को जाकर देखेंगे। सड़क, पुल, पुलिया, भवन सभी चीजों को मेंटेन रखना है उसे भी देखेंगे। इसमें जो भी कमियां नजर आएंगी तत्काल इन्हें दुरुस्त करने का आदेश दिया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### हत्या का प्रयास करने वाला अपराधी धराया

**आरा।** नगर थाने की पुलिस ने गोली मार दुकानदारों की हत्या के प्रयास के मामले में वांछित गुड्डू कुरैशी को गिरफ्तार किया है। वह काजी टोला का रहने वाला है। उसे शुक्रवार की रात पकड़ा गया। उस पर महज दो दिनों में दुकानदारों को गोली मारने का आरोप है। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि 17 जुलाई को खेताड़ी मोहल्ले जबकि 18 जुलाई की शाम मछुआ टोली में दुकान में घुस कर हत्या की नीयत से फायरिंग की गयी थी। दोनों मामलों में गुड्डू कुरैशी का नाम आया था। उसके बाद से वह फरार चल रहा था। शुक्रवार की रात लोकल इनपुट के आधार पर टीम गठित कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार और दारोगा सर्वेश कुमार शामिल थे।

### बड़हरा में पुलिस पर हमले का आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के केशोपुर में छापेमारी कर पुलिस पर हमला करने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। वह केशोपुर गांव निवासी प्रफुल्ल सिंह है। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि इसी साल 12 जुलाई को केशोपुर गांव में दो जातीय गुटों के बीच मारपीट हुई थी। तब मौके पर पहुंची पुलिस पर ही हमला कर दिया गया था। उस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसमें प्रफुल्ल सिंह का भी नाम आया था। उस आधार पर शुक्रवार की रात उसे टीम द्वारा छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश और दारोगा संतोष कुमार शामिल थे।

# बड़ी कार्रवाई: अनैतिक देह व्यापार का अड्डा बने बक्सर के तीन होटल सील

**केटी न्यूज/बक्सर**

- जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस ने की कार्रवाई
- अनीता पैलेस, पैराडाइज और मां वैष्णवी होटल को किया गया सील, पकड़े गए थे 19 जोड़े

शहर के होटलों में सेक्स रैकेट का खुलासा होने के बाद प्रशासन स्टेशन रोड के पॉश इलाके के तीन होटल को शनिवार को सील कर दिया। होटल सील करने पहुंची पुलिस ने सभी कमरों की तलाशी लेने के बाद होटलों को सील किया। प्रशासन द्वारा अनीता पैलेस, पैराडाइज और मां वैष्णवी होटल को सील किया गया।

गौरतलब हो कि तीनों होटल में शराब की खेप की सूचना पर हुई छापेमारी की कार्रवाई में शबाब का घिनौना खेल देख प्रशासनिक अधिकारी भौचक रह गए। रेड करते हुए सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 19 युवक, 22 युवतियों और दो महिला दलाल को होटल के कमरों से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने होटल के रजिस्टर की जांच किया तो रजिस्टर में केवल युवक का नाम पता अंकित था। किसी के साथ युवती का नाम नहीं था और न ही आधार कार्ड जमा था। पुलिस ने मौके से दो होटल प्रबंधक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो सेक्स रैकेट संचालित करने की बात कबूल की गई। जिसके आधार पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दोनों प्रबंधक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।



होटल को सील करते कर्मचारी व मौजूद अधिकारी व पुलिस

पुलिस ने होटल प्रबंधक के बयान और होटल के आगंतुक रजिस्टर में महिला का नाम नहीं पाया गया था। सदर एएसडीएम दीपक कुमार ने बताया कि 28 दिसम्बर को पुलिस रेड में तीन होटल से सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ था। जिसमें 19 जोड़े प्रेमी को गिरफ्तार किया गया था। होटल के संचालक की मिली भगत से सेक्स रैकेट का संचालन किया जा रहा था। जिसके आलोक में कार्रवाई करते हुए अनीता पैलेस, पैराडाइज और मां वैष्णवी होटल को सील कर दिया गया है। आगे उन्होंने बताया कि होटल के अंदर साबूत से छेड़छाड़ नहीं हो इसको देखते हुए तीनों होटलों को सील किया गया है।

**एसडीएम और डीएसपी के नेतृत्व हुई कार्रवाई :** सदर एसडीओ और डीएसपी के नेतृत्व में एएसडीएम और नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए होटल को सील किया है। क्योंकि, एसडीएम धीरेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में तीनों होटल में पुलिस ने रेड कर सेक्स रैकेट का खुलासा किया था। पुलिस ने जब होटल के कागजातों की जांच किया तो सेक्स रैकेट में लिप्त युवक युवतियों का पूरा ब्यौरा नहीं मिला था। इसके अलावा होटल में लगे सीसीटीवी कैमरा भी बंद पाया गया था। जिसका आधार बनाते हुए प्रशासन ने करवाई की है।

**थानेदार कर चुके हैं संचालकों के साथ बैठक :** मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि अब होटल और लॉज में नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जाएगा। ताकि, दोबारा से इस प्रकार के अनैतिक कार्य करने की किसी को हिम्मत न करे। इससे पहले भी होटल व लॉज संचालकों को इसके लिए कहा गया है। लेकिन, होटल संचालक पुलिस की मदद नहीं करते। जिसको देखते हुए अब पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सख्ती बरतेगी। होटल संचालकों को नियमित रूप से होटल में ठहरने वाले लोगों की फोटो आईडी व नंबर लिया जाएगा। ताकि, आपात स्थिति में उनसे संपर्क किया जा सके।

### भोजपुर में नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो लख छठिया घाट से शनिवार की सुबह मिला शव

# युवक की लाठी-डंडे से पीट कर हत्या, लाश के पास मिली सीरिंज व पुराने इंजेक्शन की शीशी

- हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं, छानबीन में जुटी पुलिस
- कहा-पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगा मामला

**केटी न्यूज/आरा**

जिले नवादा थाना क्षेत्र के क्षेत्र के बहिरो में शुक्रवार की रात एक युवक की लाठी-डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी। उसका शव शनिवार की सुबह शव बहिरो लख नंबर 11 छठिया नहर के पास ओवरब्रिज के पीछे से बरामद किया गया। उसके शरीर पर कई जगह जख्म के निशान मिले हैं। उसके कारण लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने का अंदेशा लगाया जा रहा है।



घटना की जानकारी लेते पुलिस कर्मी व मौजूद ग्रामीण

मृत युवक बहिरो वार्ड नंबर 45 निवासी लालबाबू पासवान का 21 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र पासवान था। वह पेशे से पलदार था। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तफ्तीश की। पुलिस ने घटनास्थल से इंजेक्शन की सात खाली शीशी और पुराना सीरिंज भी बरामद किया है। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस के अनुसार युवक नशे का आदी बताया जा रहा था। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**शुक्रवार की शाम घर से निकला था सत्येंद्र, शनिवार की सुबह मिला शव :** मृत युवक के भाई योगेंद्र पासवान ने बताया कि वह सत्येन्द्र शुक्रवार की शाम करीब चार बजे घर से निकल गया था। घर के लोग समझे कि वह घूमने गया होगा। देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटा, तो खोजबीन शुरू की गई। लेकिन, कुछ पता नहीं चल पाया। इस बीच शनिवार की सुबह वह काम करने के लिए जा रहे थे। तभी स्थानीय लोगों ने बहिरो लख छठिया घाट, ओवरब्रिज के पीछे फेंके जाने की सूचना दी। उसके बाद परिजन पहुंचे। भाई योगेंद्र पासवान ने अज्ञात लोगों पर हत्या कर शव को फेंके जाने का आरोप लगाया है। इधर, पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार युवक पीटकर हत्या किये जाने का मामला प्रतीत हो रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

**मां और एक भाई की पूर्व में हो चुकी है मौत :** इधर, हत्या के बाद सत्येंद्र पासवान के घर में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि सत्येन्द्र तीन भाई-तीन बहन में सबसे छोटा था। उसके परिवार में तीन बहन किरण, विमला, पूनम और एक भाई योगेंद्र पासवान है। उसकी मां लालती देवी और दूसरे भाई नागेंद्र पासवान की कुछ वर्ष पूर्व में स्वाभाविक मौत हो गई थी। इस घटना के बाद उसके परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के लोग ढांढस बंधाने में लगे हैं।

# मनीष कुमार बक्सर और प्रमोद कुमार यादव बने भोजपुर एसपी

**केटी न्यूज/बक्सर**

- सराहनीय रहा है एसपी नीरज सिंह का कार्यकाल

पुलिस विभाग ने बड़े पैमाने पर आईपीएस आफिसरों का तबादला किया है। इस कड़ी में बक्सर और भोजपुर जिले के एसपी का भी स्थानांतरण कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बक्सर के निवर्तमान एसपी नीरज कुमार सिंह को फिलहाल मुख्यालय में जबकि भोजपुर के निवर्तमान एसपी संजय कुमार सिंह को एटीएस का एसपी बनाया गया है।

वहीं, गया के एएसपी रहे मनीष कुमार को प्रमोशन मिला है और उन्हें बक्सर एसपी की जिम्मेवारी दी गई है। जबकि पटना पूर्वी के नगर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव को भोजपुर एसपी बनाया गया है। इसके अलावे भी कई जिलों के एसपी का तबादला किया गया है। बता दें कि नीरज कुमार सिंह लंबे समय से बक्सर एसपी का पदभार संभाल रहे थे। उनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा था। खासकर अपराध नियंत्रण और शराब तस्करी पर लगाम लगाने में उन्होंने खासी सफलता पाई थी। इसके अलावे चोरी गए मोबाईल की रिकवरी, विधि व्यवस्था संधारण तथा पुलिस पब्लिक फ्रैंडली को बढ़ावा देने के साथ ही कई अन्य बेहतर कार्यों के लिए उन्हें याद किया जाएगा।



नीरज कुमार सिंह, एसपी, बक्सर







# एसडीओ के निरीक्षण में गायब मिले डॉक्टर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों का इलाज भगवान भरोसे ही चल रहा है। ये हम नहीं बल्कि खुद डुमरांव अनुमंडलाधिकारी के जांच में सामने आया है। एसडीओ कुमार पंकज शुक्रवार की रात करीब एक बजे अचानक अनुमंडलीय अस्पताल में विधि व्यवस्था व चिकित्सकों के रात्रि ड्यूटि का निरीक्षण करने पहुंचे थे। लेकिन अस्पताल में कोई डाक्टर मौजूद नहीं था। बल्कि सिर्फ अस्पताल प्रबंधक ही वहा मौजूद थे। दिलचस्प तो यह कि रात की ड्यूटि खुद अस्पताल उपाधीक्षक डा गिरीश सिंह की ही थी। एसडीओ के पूछने पर डीएस ने बताया कि वे आधा घंटा पहले ही घर आए है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब डीएस ही अपनी ड्यूटि से गायब रहेंगे तो अन्य डाक्टरों को समय से ड्यूटि कौन कराएगा। बता दें कि एक दिन पहले ही डुमरांव के ही एक मरीज को रात में डाक्टर नहीं मिला था। इसके अलावे भी 75 बेड वाला यह अनुमंडलीय अस्पताल डाक्टरों की लेटलतिफी के लिए अक्सर चर्चा में रहता है। गौरतलब है कि एक तरफ कोरोना की चौथी लहर दस्तक देने वाली है। देशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। खुद बक्सर के सीएस डा जितेन्द्रनाथ स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में मजबूती से लगे है। लेकिन उनके मातहत ही व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे है। एसडीओ ने इस लापरवाही के लिए डीएस को फटकार लगाई है तथा आगे से मुस्तैद रहने की नसीहत भी दी है।



# डीलर नहीं बांटेंगे दिसंबर का खाद्यान्न

**डुमरांव।** शनिवार को फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के अनुमंडल इकाई की बैठक स्थानीय प्रखंड कार्यालय प्रांगण में हुई। बैठक में डीलरों में सरकार के नीतियों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया है। इस बैठक में फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन अनुमंडल इकाई (दोनों गुट) ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 8 सूत्री मांग पूरा होने तक अनुमंडल क्षेत्र का कोई भी डीलर दिसंबर माह के खाद्यान्न का वितरण नहीं करेगा। डीलरों का कहना है कि सरकार भेदभाव तथा शोषण कर रही है। सरकार के खिलाफ आर पार की लड़ाई का शंखनाद करते हुए डीलरों ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का 16 माह का मार्जिन मनी का भुगतान तत्काल हो। मार्जिन मनी का आवंटन केंद्र सरकार से प्राप्त होने के बावजूद राज्य सरकार राशि डीलरों के खाता में नहीं भेज रही है। दिसंबर माह का जमा किए गए चालान खाद्यान्न का राशि शीघ्र डीलरों के खाता में डाला जाए। दुकान में खाद्यान्न वितरण के लिए एक मजदूर को रखने का खर्च तथा ई पोस मशीन चार्ज करने के लिए बिजली कनेक्शन एवं विपत्र राशि प्रदान की जाए। अन्य राज्य की तरह बिहार में भी एनएफएस एवं पीएमजीकेएवाई का लाभ प्रदान किया जाए। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी को डीलरों ने 8 सूत्री ज्ञापन सौप कर स्पष्ट कर दिया है कि मांग पूरा नहीं हुआ तो दिसंबर माह का खाद्यान्न वितरण कार्य नहीं होगा।

# दिल्ली से पकड़ा गया भोजपुर पुलिस की टॉप टेन अपराधियों में शामिल गोलू

**केटी न्यूज/आरा**

- लूट व डकैती के कई मामलों में था वांछित

अपराधियों की धरपकड़ में जुटी भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जिले के टॉपटेन अपराधियों में शामिल धीरज कुमार उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। वह डकैती और लूटपाट की आठ घटनाओं में वांटेड था। कुख्यात धीरज कुमार उर्फ गोलू चांदी थाना क्षेत्र के रामदिहल टोला गांव निवासी मुकेश कुमार सिंह का पुत्र है। उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

एसपी संजय कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि धीरज कुमार उर्फ गोलू की उदवंतनगर, पीरो, संदेश और नारायणपुर थाना क्षेत्र में लूटपाट एवं डकैती की घटनाओं में तलाश थी। जिले के टॉपटेन अपराधियों की सूची में भी वह शामिल था। उसकी गिरफ्तारी को ले लगातार छापेमारी भी की जा रही थी। इस बीच तकनीकी आधार पर उसके दिल्ली में होने की सूचना मिली। उसके बाद टीम गठित कर दिल्ली भेजा गया। टीम ने सर्विलांस व मानवीय इनपुट के जरिये उसको गिरफ्तार कर लिया। उसे आरा लाया जा रहा है। टीम में डीआईयू के दारोगा संजय कुमार सिन्हा और उदवंतनगर थाने के दारोगा निवास कुमार सहित अन्य शामिल थे। बता दें कि पुलिस ने इस माह में टॉपटेन में अपराधियों में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। धीरज कुमार उर्फ गोलू पुलिस के हत्थे चढ़ने वाला तीसरा अपराधी है।

**दो माह में लूटपाट की छह घटनाओं को अंजाम देकर मचा दी थी दहशत :** गोलू का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके खिलाफ अब तक चार थानों में आठ मामले दर्ज हो चुके हैं। सभी डकैती और लूटपाट के मामले हैं। दो मामले पिछले साल जबकि छह केस साल की है। सबसे अधिक चार मामले उदवंतनगर थाने में है। उसके अलावा संदेश में दो, जबकि पीरो और नारायणपुर में एक एक केस दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार इस साल अगस्त से अक्टूबर के बीच दो माह में उसने लूटपाट की छह घटनाओं को अंजाम देकर सनसनी मचा दी थी। ऐसे में उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।
















## खबरें फटाफट

### होली तक तैयार हो जाएगा एफओबी

**बक्सर।** दानापुर मंडल के डीआरएम प्रभात कुमार ने शनिवार को चौसा में बन रहे एफओबी के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने मातहतों को कई आवश्यक निर्देश दिए तथा समय पर इसका निर्माण पूरा करने को कहा। वहा से लौटने के दौरान वे कुछ देर के लिए बक्सर में भी रूके थे। बक्सर में इटाढ़ी गुमटी पर बन रहे फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को होली तक पूरा कर लेने का आश्वासन डीआरएम ने दिया है। हालांकि 11 नंबर लख के पास बनने वाले रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कब से शुरू होगा। इस पर डीआरएम ने कोई जबाव नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वे चौसा एफओबी का निरीक्षण करने आए थे। इस दौरान बक्सर के स्टेशन प्रबंधक राजन कुमार, निर्माण एजेंसी से जुड़े लोग, आरपीएफ व जीआरपी के पदाधिकारी मौजूद थे।

### जमीन विवाद में हुई मारपीट

**केसठ।** नावानगर थाना के केसठ गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में तीन लोग जख्मी हो गये। इसको लेकर दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर इल्जाम लगाते हुए नावानगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। एक पक्ष के शिवजी साह द्वारा राजेन्द्र साह, धनंजय कुमार और अजय गुप्ता पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। वही दूसरे पक्ष के राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता द्वारा शिवजी साह, संजय साह समेत पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि दोनां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

### जीआरपी के हत्थे चढ़ा शराब तस्कर

**बक्सर।** नए वर्ष पर शराब तस्करी पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को पूर्वाहन 11 बजे यूपी से शराब लेकर आ रहा एक युवक जीआरपी के हत्थे चौसा स्टेशन से मेमो पैसेंजर में चेकिंग के समय चढ़ गया।जिसे जीआरपी द्वारा जेल भेज दिया गया। पकड़ में आये युवक के पास से बरामद पिट्ठू बैग में लगभग 6 हजार रुपये की शराब बरामदगी की जानकारी जीआरपी कर्मियों द्वारा दी गई।

# नववर्ष 2023 के अभिनंदन को लेकर फूलों का सजा बाजार, तैयार हुए पिकनिक स्पॉट

- अपनों संग गुलपोशी कर करेंगे खुशी का इजहार, रेस्टोरेंट्स में भी तैयारी पूरी
- बक्सर व डुमरांव समेत जिले में कई चर्चित पिकनिक स्पॉट्स पर जुटेंगे लोग

**केटी न्यूज/बक्सर**

नूतन वर्ष के स्वागत को लेकर लोगों में एक अजीब प्रकार का उमंग और उल्लास देखा गया। नव वर्ष की तैयारी में जहां युवा बड़े जोशो खरोश से लगे हुए हैं तो वही इस नए वर्ष से बुजुर्गों ने भी अपनी काफी उम्मीदें जोड़ रखी हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से यह नववर्ष भारत में भी मनाया जाता है किंतु वास्तव में यदि देखा जाए तो चैत्र प्रतिपदा ही हमारी नव वर्ष सनातनी हिंदू परंपरा से चली आ रही है। बदलते हुए सांस्कृतिक परंपरा को लेकर युवाओं में इस नववर्ष को मनाने का अच्छा खासा उल्लास देखा जाता है। शहर के जमुना चौक पर नव वर्ष के आगमन को लेकर फूलों की दुकान सजी संवरी नजर आई। फूल विक्रेता विनोद से वार्ता किया गया तो उन्होंने बताया कि हमारे पास दस रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक के रेंज में पुष्प गुच्छ और बुके मौजूद हैं। सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र पश्चिम



बक्सर में फूलों से सजी दुकान

बंगाल का गुलाब है। जो कि युवाओं के आकर्षण का केंद्र है। आगे विनोद ने बताया कि ये अलग बात है कि नया साल पर अपने प्रियजनों को पुष्प गुच्छ देकर हैप्पी न्यू ईयर विश करते हैं, वहीं बहुत से ऐसे भी ग्राहक आते हैं जो फूल और माला लेकर देवी देवताओं को अर्पित कर अपने मंगल भविष्य की कामना करते हैं।

**पिकनिक स्पॉट भी सजें, पूरे दिन रहेगी धूम :** नव वर्ष के आगवानी में जिले के पिकनिक स्पॉट भी सज गए है। मसलन बक्सर में गंगा, ठोरा का संगम हो या फिर विस्तृत गंगा घाट, इसके अलावे रामरेखा घाट, नाथ बाबा घाट पर भी लोग नव वर्ष के स्वागत में उमड़ते है। बक्सर के साथ ही डुमरांव के चर्चित जंगलीनाथ शिव मंदिर, मां डुमरेजनी व मां काली आश्रम जैसे मंदिरों के अलावे चिल्ड्रे पार्क, शहीद पार्क, ऐतिहासिक राजगढ़ परिसर तथा दियारा क्षेत्र में बने जनेश्वर मिश्र सेतु भी अच्छे पिकनिक स्पॉट है। जहा अच्छी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते है।



डुमरांव स्थित जंगलीनाथ बाबा का मंदीर

**मध्य रात्रि से ही शुरू हो जाएगा बधाईयों का दौर :** मध्य रात्रि में जैसे ही घड़ी की सभी सुईयां बारह पर पहुंचेगी तो नव वर्ष की बधाईयों का दौर शुरू हो जाएगा। लोग अपने इष्ट मित्रों, स्वजनों आदि को फोन कर नये साल की बधाईयां देंगे। हालांकि पूर्व संध्या से ही विभिन्न सोसल प्लेटफार्मो पर बधाईयों का दौर शुरू हो गया है। पूर्व संध्या से ही नववर्ष का उल्लास चरम पर पहुंच गया है। खासकर युवाओं व किशोरों में विशेष उल्लास है।

## कोहरे का सितम, तेज रफ्तार व फोरलेन निर्माण कंपनी की लापरवाही है जिम्मेवार

# ब्लैक सैटर्डे: फोरलेन पर 7 घंटे के अंतराल में हुए 3 हादसे; एक की मौत, दर्जन भर जख्मी

- नया भोजपुर सब्जी मंडी, लेवाड़ और कृतसागर के पास हुई दुर्घटनाएं

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार का दिन ब्लैक सर्ट्रडे साबित हुआ। फोरलेन पर करीब दस किलोमीटर के अंतराल पर सात घंटे के अंदर ही तीन दुर्घटनाएं हुई। जिसमें एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दर्जन भर से अधिक लोग जख्मी हो गए है। जख्मियों में कई को गंभीर चोटें आई है। हालांकि गनीमत थी कि मृतकों का आंकड़ा कम रहा। सभी दुर्घटनाएं तेज रफ्तार, कोहरे तथा पीएनसी कंपनी के लापरवाही के कारण हुई है। दुघर्टअनाओं के बाद स्थानीय पुलिस तथा समाज सेवियों ने तत्परता दिखाते हुए जख्मियों को अस्पताल पहुंचाया है। फोरलेन पर लगातर हो रहे दुर्घटनाओं के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। बता दें कि स्थानीय प्रशासन से लेकर राज्य व केन्द्र सरकार तक सड़क सुरक्षा के नाम पर करोड़ो रूपए खर्च करती है। जिसका मुख्य उदेश्य दुर्घटनाओं की संख्या कम करना है। लेकिन धरातल पर इसका लाभ नहीं मिला पा रहा है।

**लेवाड़ के पास अल सुबह आपस में टकरा गई थी चार वाहनें :** मिली जानकारी के अनुसार कृष्णाब्रह्म व नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के बार्डर पर स्थित लेवाड़ के पास अल सुबह करीब 2 बजे एक साथ चार वाहन आपस में टकरा गए। जिसमें कार स्कार्पियों से टकराने के बाद सड़क निर्माण कंपनी द्वारा लगाए गए बैरियर से भी टकरा चकनाचुर हो गई। हालांकि सभी वाहनों का एअर बैग खुलने के कारण उनमें बैठे लोगों की जान बच गई। संयोग से उसी समय कोरानसराय के पंकज तिवारी नामक सामाजिक कार्यकर्ता पटना से लौट रहे थे। दुर्घटनाग्रस्त लोगों को उन्होंने अपने वाहन से अस्पताल पहुंचवाया। यहा कोहरे के साथ ही फोरलेन निर्माण कंपनी की लापरवाही सामने आई है। फोरलेन द्वारा यहा डायवर्सन बनाया गया है। जहा एक साथ चारों वाहन टकरा गए थे।



घटना के बाद रोते बिलखते मृतक के परिजन



सब्जी लदे क्षतिग्रस्त आटो को ले जाती पुलिस



क्षतिग्रस्त वाहन को ले जाते लोग

**नया भोजपुर सब्जी मंडी के पास ट्रक व टेंपो की टक्कर में गई है एक की जान :** दूसरी घटना नया भोजपुर सब्जी मंडी के पास सुबह नौ बजे की है। यहा सब्जी खरीदने के बाद बक्सर तुरहा टोली के व्यवसायी पिता पुत्र अपनी सब्जी को लेकर टेम्पो से बक्सर के लिए जैसे ही चले कि विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने टेम्पो को धक्का मार दिया। जिससे टेम्पो में सवार सब्जी व्यवसायी लक्ष्मण प्रसाद तुरहा उम्र 50 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उनके 22 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश उर्फ अक्षय तथा टेम्पो चालक कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के चौकिया गांव निवासी मंजीत सिंह उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहा प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो घने कोहरे के बीच ट्रक चालक की रफ्तार काफी तेज थी। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

**कृतसागर के पास सिलेंडर लदे वाहन ने स्कार्पियों में मारी टक्कर :** वही ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कृतसागर के पास गैस सिलेंडर वाहन ने एक स्कार्पियों में धक्का मार दिया। जिससे स्कार्पियों सवार लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों तथा पुलिस के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जाता है कि स्कार्पियों अपने लेन में चल रही थी। जबकि सिलेंडर लदा ट्रक भी अचानक उसी लेन में आ गया। जिस कारण यह दुर्घटना हुई। जख्मियों की पहचान नहीं की जा सकी है।

### कोहरे के दौरान रफ्तार पर लगाना होगा लगाम

सर्दी का मौसम अपने चरम पर है। कोहरा भी काफी घना हो गया है। ऐसे में वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए अपने रफ्तार पर लगाम लगाना होगा। जानकारों का कहना है कि फोरलेन बनने के बाद वाहनों की स्पीड पहले से दुगनी हो गई है। जिस कारण अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है। वही आनन फानन में फोरलेन का उदघाटन करा कोरम पूरा करने वाली पीएनसी कंपनी भी कम जिम्मेवार नहीं है। कंपनी द्वारा न तो निर्धारित जगहों पर जेब्रा क्रासिंग बनाई गई है और न ही निर्माण कार्य को पूरा ही किया गया है। कई जगहों पर डायवर्सन के कारण भी दुर्घटनाएं हो रही है। प्रताप सागर व लेवाड़ का इलाका इसमें शामिल है।












# नवर्वष पर शराब तस्करों के मंसूबे पर फिरेगा पानी, छापेमारी जारी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर प्रशासन व पुलिस टीम शराब तस्करों पर लगाम लगाने के लिए पूरी तरह से मुश्तैद दिखी। इस दौरान दिन और रात छापेमारी अभियान चला तस्करों के मंसूबे पर पानी फेरने का काम किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार खुद एसडीओ कुमार पंकज ने भी डुमरांव थाना क्षेत्र के नोनिया डेरा गांव में छापेमारी अभियान चलाया।

जहां एक गड्ढें से दो लिटर देशी महुआ शराब भी बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस द्वारा चलाए गए छापेमारी अभियान में एक शराब भट्ठी को ध्वस्त करने के साथ ही 200 लिटर अर्द्धनिर्मित शराब को जमीन पर गिरा विनष्ट कर दिया। वही नया भोजपुर ओपी पुलिस ने पुराना भोजपुर के पांश इलाके से एक शराब भट्ठी पर धावा बोल 225 लिटर देशी महुआ शराब व भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए। जबकि अड्डे से 400 लिटर अर्द्धनिर्मित शराब को विनष्ट किया गया। पुलिस ने उतर टोला निवासी संजय कुमार वर्मा नामक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एलटीएफ व स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में किया गया था। वही कृष्णाब्रह्म, सिमरी, तिलक राय के हाता, राम दास राय के डेरा ओपी पुलिस द्वारा भी अपने-अपने थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया है। यह अभियान एसपी नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर चलाया गया है।













# जनपद के 22688 बुजुर्गों को पहली बार मिलेगा वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ

केटी न्यूज/बलिया

- सूची में पहले से शामिल हैं 1,28741 लाभार्थी
- अब बुजुर्गों के खाते में तीन माह पर भेजे जा रहे हैं तीन हजार रुपए

जिले में 22,668 बुजुर्गों को पहली बार वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की संस्तुति के बाद नए आवेदकों को डाटा भी शासन को भेज दिया है। जिले में पहले से 1,28741 लाभार्थी सूची में शामिल हैं। तीन माह के पेंशन की किस्त जनवरी में जारी होनी है। सबका आधार प्रमाणीकरण हो रहा है, अभी तक 78.33 प्रतिशत लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो चुका है। अब बुजुर्गों के खाते में तीन माह पर तीन हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। इससे लाभार्थियों को बड़ी राहत मिली है। पहले मासिक पेंशन की राशि 500 रुपये ही थी।




**550 लाभार्थी विधवा पेंशन में भी बढ़ीं :** जिले में विधवा पेंशन के 48505 लाभार्थी हैं, इसमें नए 550 आवेदन आए हैं। इनका सत्यापन हो चुका है। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज ने बताया कि 82.37 फीसद यानि 39952 लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो चुका है। जिनका आधार प्रमाणीकरण हो चुका है, उनके खाते में सितंबर तक की किस्त भेजी जा रही है। वंचित लाभार्थियों को भी कहा गया है कि वह तत्काल जनसेवा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करा लें।

### बढ़े 299 दिव्यांग

दिव्यांग पेंशन के भी नए 299 लाभार्थी बढ़े हैं। पहले से 19372 लाभार्थी सूची में शामिल हैं। दिव्यांगजन अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने बताया कि 72 फीसद यानि 13947 लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो चुका है। नए लाभार्थियों की सूची भी भेजी जा चुकी है। आधार प्रमाणीकरण कराने में जो लाभार्थी लापरवाही कर रहे हैं, उनकी किस्त फंस सकती है।

**जिले में 78.33 प्रतिशत लाभार्थियों का हो चुकाआधार प्रमाणीकरण :** जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सभी लाभार्थियों की किस्त जनवरी में जारी होगी। जिले में 78.33 प्रतिशत लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो चुका है। बैंकों का समायोजन होने के चलते कुछ लाभार्थियों का खाता अपडेट नहीं हुआ है। उसके लिए लाभार्थियों से कहा गया है।

## छोटी खबरें

### भाजपाइयों ने हीरा बा को दी श्रद्धांजलि

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के मोहल्ला जमालपुर पोखरा स्थित देवरानी जेठानी के पोखरे पर शनिवार को प्रातः भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन मोदी 100 वर्षीय के निधन पर कार्यकताओं ने हनुमान मंदिर प्रांगण में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारत सरकार के प्रधानमंत्री द्वारा अपनी माता की सेवा करते हुए उन्होंने जो पुनीत कार्य किया है वह काफी सराहनीय है और हम लोग उनकी माता को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं इस अवसर पर राम विजय चौहान आकाश चौहान रुदल चौहान प्रमोद कुमार गोलू चौहान विनीत चौहान विनय कुमार गुड्डू चौहान समेत लगभग 4 दर्जन भाजपा के कार्यकर्ता श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना थाना क्षेत्र के ग्राम कबीरा बाद ने शुक्रवार को दो पक्षों में पारिवारिक विवाद को लेकर हुए मारपीट हुई। मामले में आशुतोष पुत्र उमाशंकर ने उसी गांव के 3 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। बाद में दूसरे पक्ष के लोगों ने भी आशुतोष समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया इसी क्रम में स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खड़ी गलियां में शनिवार को दो पक्षों में जमीन संबंधी की बात को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने सुबोध एवं दीपक नामक युवक को पकड़कर शांति भंग में चालान किया

### दो दिवसीय उर्स का हुआ आयोजन

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत वलीदपुर मोहल्ला काजी टोला में शनिवार को हजरत मौलाना कामिल साहब के 123 वां दो दिवसीय उर्स में जायरीन मजार पर पहुंचकर मत्था टेका और मन्नतें मांगी। नगर पंचायत के मोहल्ला काजी टोला में स्थित मजार पर पहले दिने कव्वालो के साथ चादर पोशी की रस्म किया जाता है। जिसमें कोलकाता, मुंबई, बैंगलोर, राजस्थान, वाराणसी, मऊ, आजमगढ़ आदि जगहों से जायरीन आते हैं और मजार पर मत्था टेक कर मन्नते माँगते हैं। जैसा कि इनके बारे में बताया जाता है कि जौनपुर में मौलाना कामिल साहब ने अटाला मस्जिद की मरम्मत करवा रहे थे इस बीच ऊपरी हिस्से से धवताल नामक एक मजदूर गिरकर मर गया था। जिसको इन्होंने जिंदा किया था। उर्स मेले में तरह-तरह की दुकानें भी सजी रहती हैं बच्चों के लिए झूले भी रहते हैं नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था के लिए कर्मचारी लगाए गए हैं उर्स मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिसकर्मी भी मुस्तैदी से तैनात हैं।

## गाजीपुर में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मुस्तैद दिखी पुलिस, सुरक्षा के कड़े इंतेजाम

# एसपी ने किया रूट मार्च; ढाबों, मंदिरों एवं पिकनिक स्पॉटों का लिया जायजा

- सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी प्रमुख स्पॉट व पर्यटक स्थलों पर तैनात किए गए पुलिस कर्मी
- एसपी ने शांति और सुरक्षा संबंधी फीडबैक भी लिया
- सद्भावना के साथ नववर्ष मनाने के लिए सभी से की गई अपील


रूट मार्च में शामिल एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी

केटी न्यूज/गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक द्वारा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर रूट मार्च कर विभिन्न ढाबों, पर्यटक स्थलों, मंदिरों व पिकनिक स्पॉटों के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल का प्रबंध किया गया था। एसपी ओमवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा विभिन्न थानों की सघन चेकिंग की गई।

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त ढाबों, पर्यटक स्थलों, मन्दिर व पिकनिक स्पॉट पर पर्याप्त पुलिस बल का प्रबंध किया गया है। एसपी ने निर्देश दिया है कि जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। पैदल गश्त के अलावा पीआरबी, थाना सेकेंड मोबाइल निरंतर गश्त करेंगे। मोटर साइकिल व वाहन पर भी पुलिसकर्मी अराजक तत्वों/शोहदों की गतिविधियों की देखरेख के लिए लगाए गए हैं। सभी क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी निरंतर भ्रमणशील रहकर नव वर्ष को सकुशल सम्पन्न कराएंगे। इसके अतिरिक्त जनपद में जनता में सुरक्षा की भावना बनाए रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से दिनांक 31/12/2022 की शाम आगामी नव वर्ष के दृष्टिगत थाना गाजीपुर कोतवाली नगर क्षेत्र में मय फोर्स रूट मार्च/पैदल गश्त किया गया। आम जनमानस में शांति एवं सुरक्षा की भावना का संचार किया गया। रूट मार्च के दौरान आम जनमानस से बातचीत भी किया गया।

एसपी से जनपद में शांति और सुरक्षा संबंधी फीडबैक भी लिया गया। बातचीत में आगामी नव वर्ष की सभी शुभकामनाएं दी गई। इसे शांति और सद्भावना के साथ मनाने के लिए सभी से अपील की गई। यह रूट मार्च कोतवाली परिसर से शुरू होकर मिश्र बाजार से महुआ बाग होते हुए गर्ल्स इंटर कॉलेज से विशेश्वरगंज चौकी होते हुए लंका बस स्टैंड के पास आकर समाप्त हुआ। रूट मार्च से पूर्व थाना कोतवाली का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय, सीसीटीएनएस, मालखाना, हवालात मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### प्रशासन का फरमान: त्योहारों और परीक्षाओं के मद्देनजर अगले 3 माह के लिए धारा 144 लागू

**गाजीपुर।** जनपद में नव वर्ष और आगामी त्योहारों तथा परीक्षाओं के मद्देनजर जिला प्रशासन ने जिले में धारा 144 लागू की है। एडीएम अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी को नववर्ष मनाया जायेगा। इस अवसर पर युवक-युवतियां एक दूसरे को बधाई संदेश देते है तथा खुशी का इजहार करते हैं।

साथ ही मकर संक्रांति का त्यौहार 15 जनवरी को पड़ रहा है। मकर संक्रांति त्यौहार के अवसर पर नदियों के किनारे लोग स्नान कर पूजा अर्चना करने के उपरान्त अन्न आदि का दान करते हैं। त्यौहार के अवसर पर मेले का आयोजन भी होता है। आगामी केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली वार्षिक परीक्षा- 2023, हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा- 2023, माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र० की परीक्षाएं जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों द्वारा नकल करने का प्रयास किया जा सकता है, जिसे रोकने के लिए हस्तक्षेप करने पर शान्ति व कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस वर्ष 07/08 मार्च को होली तथा 30 मार्च को रामनवमी का त्यौहार पड़ रहा है। ये परीक्षाएं एवं त्यौहारों को सकुशल एवं शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने तथा शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर जनपद में धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

## चालक की हत्या कर सरिया लदे ट्रक लूटने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार

केटी न्यूज/गाजीपुर

नालंदा (बिहार) के खुदागंज थाने के पंचमहल गांव से सरायकेला में सरिया लदे ट्रक के चालक की हत्या कर लूट के आरोपी तथा इनामी बदमाश को गहमर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में वांछित अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय अपने हमराहियों के साथ इनामी श्रवण कुमार उर्फ छोटू यादव को घेराबंदी कर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। मामले में बताया जाता है कि बीते आठ जुलाई को सरायकेला से सरिया लदा ट्रक लूटकर चालक की हत्या कर शव को झारखंड के रांची में फेंककर फरार हो गए थे।

इस मामले में पुलिस ने 22 जुलाई को हल्की मुठभेड़ के दौरान विश्वजीत उर्फ भोला गिरफ्तार कर ट्रक मय सरिया बरामद कर लिया था। इस घटना में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए गहमर पुलिस बिहार पहुंची और 15 हजार के ईनामियां को पकड़ कर ले आई। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अशोक कुमार तिवारी, निरीक्षक सुरेन्द्र नाथ सिंह, का. छोटू राय, का. सद्दाम हुसैन,हेका आशुतोष सिंह तथा का चन्द्रमणि त्रिपाठी रहे।

## स्वच्छता का अलख जगाने वाले ईओ को नगर विकास मंत्री ने किया सम्मानित

केटी न्यूज/गाजीपुर



सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने में अव्वल आए गाजीपुर नगर पालिका परिषद के ईओ लालचंद्र सरोज को लखनऊ में नगर विकास मंत्री एके मिश्रा और प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसकी जानकारी मिलते ही नगर पालिका परिषद के कर्मियों में हर्ष व्याप्त है।

प्रदेश के विभिन्न नगर निकाय में स्वच्छता अभियान के तहत तीनों का महा अभियान चला था। इसमें साफ-सफाई के साथ कूड़ा उठान के अलावा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। नगर पालिका परिषद गाजीपुर की ओर से ईओ लालचंद्र सरोज के नेतृत्व में महा अभियान चलाया गया। विभिन्न जगहों से कूड़ा उठाने किया गया। साफ सफाई के साथ नालियों की सफाई के अलावा दवा छिड़काव करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। प्रदेश में स्वच्छता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने में बरेली नगर निगम, गाजीपुर नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत डसना का चयन किया गया था। प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा, प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने ईओ लालचंद्र सरोज को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### जनेश्वर मिश्र सेतु से जुड़ेंगे पटना व बक्सर



**बलिया।** शिवरामपुर घाट पर बने जनेश्वर मिश्र सेतु से पटना और बक्सर सीधे जुड़ेंगे। ब्रिज को पटना-बक्सर फोरलेन से जोड़ने की कवायद जल्द शुरू होगी। इस फोरलेन के बनने के बादे यूपी के जवहीं दियर, शिवपुर दियर नंबरी, धोधा राय के डेरा, परानपुर, हरदेव सिंह के डेरा व नौरंगा तथा बयासी के साथ बिहार, बलिया व पूर्वी उत्तरप्रदेश के क्षेत्रों से जुड़ाव होगा। इस मार्ग के बन जाने से सबसे ज्यादा फायदा दियारावासियों को होगा। साथ ही पुल के इस पार पक्का एप्रोच रोड का निर्माण हो गया है। लेकिन उस पार काम अधूरा है। गंगा एप्रोच रोड से बिहार की सीमा में सड़क बनाने के लिए बिहार के ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ यादव ने कई बार सवाल उठाए थे। जिसके बाद अधिकारियों ने गरहथा खुर्द स्थित फोरलेन से वाया गायघाट, चक्की व गंगौली धर्मशाला से सीधे गंगा पुल तक स्थलीय निरीक्षण किया था।जिसके बाद प्रस्तावित सड़क से जुड़ा प्रतिवेदन राज्य सरकार को सौंपने के बाद उसके निर्माण की स्वीकृति मिल गयी। सूत्रों की माने तो चक्की विशेश्वर डेरा से गंगा पुल तक सड़क पूरी तरह ग्रीनफील्ड होगी। साथ ही प्रस्तावित योजना से सिमरी, चक्की व ब्रह्मपुर लिंक रोड के रूप में विकसित होगी।बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित जनेश्वर मिश्र सेतु को पटना-बक्सर से जोड़ने की योजना के मूर्त रूप लेने के बाद बिहार व यूपी के लोगों के लिए यह वरदान साबित होगा। दोनों प्रदेशों के पिछड़े क्षेत्र के लोगों को रोजगार मुहैया होगा।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का हुआ निधन



**बलिया।** आजादी की लड़ाई में शामिल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामरक्षा प्रसाद गोंड़ का शनिवार की भोर में खरीद गांव स्थित उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया जिसके बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौर गयी। शनिवार की सुबह से ही उनके जानने वालों का ताता लगा है। बता दें कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामरक्षा प्रसाद गौड़ विगत हफ्ते दिन से बीमार चल रहे थे जिनका इलाज चल रहा था। शनिवार की दोपहर बाद खरीद घाट स्थित सरजू नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। ज्ञात हो कि अंग्रेजों से देश को आजाद कराने की लड़ाई में 105 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री रामरक्षा प्रसाद का अपनें क्षेत्र में अहम योगदान रहा है।

### करेंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत



**बलिया।** बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के रघुनाथपुर मौजे में हाईवोल्टेज तार की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। बांसडीह कस्बे के वार्ड नंबर सात निवासी मलाई तुरहा (50) पुत्र सुकठ तुरहा शनिवार की सुबह पिंडहरा गांव के रघुनाथपुर मौजे में घने कोहरे में अपने खेत में घूमने गए थे। पास में 11, 000 वोल्टेज का तार नीचे की तरफ था। घने कोहरे में मलाई तुरहा तार को देख नहीं पाए और उसकी जद में आने से हो गई। आप-पास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना विद्युत उपकेंद्र पर दी। विद्युत उपकेंद्र द्वारा लाइट काटने पर उसकी मौत हो गई थी। घटना की खबर घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों के करुण क्रंदन से आस-पास का माहौल गमगीन हो गया। पत्नी व बच्चों का रोते-रोते बुरा हाल है।

### घाघरा नदी में गिरा मजदूर, तलाश में जुटी पुलिस




**बलिया।** यूपी व बिहार को जोड़ने वाले क्षेत्र के खरीद एवं दरौली घाटों के मध्य निमार्णाधीन पक्का पुल के पायल ब्रिज से नदी में मजदूर के गिर जाने से मौका पर अफरातफरी मच गई है। घण्टों तलाश के बावजूद नदी जल में गिरे मजदूर का अब तक पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार पक्का पुल के निर्माण के तहत नदी में मजदूरों द्वारा पायल ब्रिज निर्मित किया जा रहा है। शनिवार को सुबह सहारनपुर जिलान्तर्गत रेडी मोहम्मदपुर ताजपुरा गांव निवासी मो.आजम (25)पुत्र कजमुल निर्माण स्थल पर क्रेन के झूले में बैठ कर नदी में गार्डर गाड़ रहा था। गार्डर गाड़ते समय समय वह असन्तुलित हो कर झूले से नदी जल में गिर कर गायब हो गया।आजम के नदी में गिरते ही वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरातफरी के साथ ही कोहराम मच गया और स्टीमर के माध्यम से उस की नदी जल में तलाश की जाने लगी।किन्तु लगातार तलाश के बावजूद दोपहर 2 बजे तक उस का पता नहीं चल पाया था।इस दौरान एस डी एम अखिलेश कुमार यादव एवं थाना प्रभारी दिनेश पाठक खबर पा कर मौके पर पहुंच घटना के बारे आवश्यक जानकारी हासिल किए।-पायल ब्रिज के निर्माण के समय ठीकेदार द्वारा सुरक्षा की कोई ब्यवस्था नहीं होना घटना का कारण बना। यहां तक कि आजम को आवश्यक सेफ्टी बेल्ट तक उपलब्ध नहीं कराया गया था।

## टीबी जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद जिला टीबी सेंटर में नियमित कराते रहें जांच

# टीबी के साथ मरीजों में एचआईवी की जांच भी जरूरी: सीएस

- निजी संस्थान से इलाज कराने वाले मरीज भी टीबी सेंटर में दें दवाओं की जानकारी

केटी न्यूज/बक्सर



वर्ष 2025 तक टीबी से जिले को पूरी तरह से मुक्त करना है। इसमें सरकार व स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर से निरंतर टीबी मरीजों के लिए समर्पित है। अब जरूरत है, टीबी के मरीजों के जागरूक और सजग बनने की। ज्यादातर मरीज जानकारी के अभाव में इलाज में कोताही बरतते हैं, या फिर कुछ मरीज अज्ञानतावश रिपोर्ट लेने के बाद जनरल फिजिशियन से अपना इलाज कराने लगते हैं। दोनों ही परिस्थिति में मरीज को भयावह परिणाम झेलना पड़ सकता है। जो आगे जाकर एमडीआर (मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट) का रूप ले सकता है। इसलिए जिला टीबी सेंटर लोगों को जागरूक करने में लगा हुआ। ताकि, टीबी की जांच कराने के लिए आने वाले मरीज उनके माध्यम से इलाज कराएं या न कराएं , लेकिन वो टीबी के इलाज में किन दवाओं का सेवन कर रहे हैं उसकी जानकारी टीबी सेंटर के कर्मचारियों को हो सके। ताकि, भविष्य में जब भी उन्हें टीबी के कारण कोई समस्या हो , तो उनका फॉलोअप आसानी से किया जा सके।

**टीबी का एक संक्रमित 10 स्वस्थ्य व्यक्ति को कर सकता है संक्रमित :** जिला टीबी सेंटर के एसटीएलएस कुमार गौरव ने बताया, गत दिनों कई ऐसे मरीज आए जिन्होंने टीबी की जांच कराई। जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद वो कहां इलाज करा रहे हैं, कौन-कौन सी दवाएं खा रहे हैं इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है। जो सरकार के टीबी उन्मूलन के लक्ष्य में बहुत बड़ी बाधा बन सकते हैं। कई मरीज तो ऐसे भी हैं, जिन्होंने अब तक अपना इलाज नहीं शुरू कराया है। ऐसे मरीजों को चिह्नित करते हुए उनका इलाज शुरू कराया जाएगा। क्योंकि टीबी का एक संक्रमित लगभग 10 स्वस्थ्य व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है। इसलिए टीबी के प्रत्येक मरीज की निगरानी और नियमित फॉलोअप जरूरी है। उन्होंने टीबी के लक्षणों वाले मरीजों और टीबी के इलाजरत मरीजों से सहयोग करने की अपील की। सीने में दर्द होना, चक्कर आना, दो सप्ताह से ज्यादा खांसी या बुखार आना, खांसी के साथ मुंह से खून आना, भूख में कमीं और वजन कम होना आदि लक्षण अगर किसी में है तो टीबी की जांच करा सकते हैं । इससे हमें अपने लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि कैंप में जन सामान्य को माइकिंग, पंपलेट के माध्यम से भी टीबी से बचाव के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

**टीबी की जांच के साथ मरीजों में एचआईवी की भी जांच की जाती है :** सिविल सर्जन सह प्रभारी जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया कि टीबी की जांच के साथ मरीजों में एचआईवी की भी जांच की जाती है। क्योंकि, एचआईवी मरीजों में टीबी की संभावना सबसे अधिक होती है। जिला मुख्यालय से प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी के मरीजों की जांच और इलाज की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। दवा भी मुफ्त दी जाती है। स्वास्थ्य केंद्रों पर बलगम की जांच माइक्रोस्कोप एवं ट्रूनेट व सीबीनेट मशीन द्वारा निःशुल्क की जाती है। मरीजों की जांच के उपरांत टीबी की पुष्टि होने पर पूरा इलाज उनके घर पर ही डॉट प्रोवाइडर के माध्यम से निःशुल्क किया जाता है। नए रोगी चिह्नित होने पर उनके पारिवारिक सदस्यों को भी टीबी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट दिया जाता है। ताकि परिवार के अन्य सदस्यों में यह बीमारी नहीं फैले।